Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com



सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



वर्ष-1 अंक-153 सागवाड़ा, सोमवार,5 फरवरी, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)




**ये मुलाकात क्या कहती है....** सागवाड़ा की जमीन पर इन दिनों राजनीति उफान पर है। यहां की जमीनी राजनीति की हलचल दिन ब दिन बढ़ रही है। ऐसे में इस मुलाकात की भी शहर में चर्चा बनी हुई है। भाजपा से सांसद कनकमल कटारा और केंद्रीय मंत्री नितीन गड़करी के निजी सचिव शैलेश शर्मा ने पूर्व पालिकाध्यक्ष पवन गोवाडिया के निवास पर जा कर मुलाकात की।

## सड़क किनारे खड़े टैंकर से बाइक टकराई, हादसे मैं बाइक चालक की दर्दनाक मौत

**सीमलवाड़ा।** डूंगरपुर जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र के सीमलवाडा एसडीएम ऑफिस के पास बीती रात सडक किनारे खड़े पानी के टेंकर से एक बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। इधर परिजन शनिवार सुबह से ही टेंकर मालिक को बुलाने अड़े रहे। पुलिस द्वारा समझाइश के बाद शनिवार दोपहर बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई। डूंगरपुर जिले के धम्बोला एसआई बंशीलाल पाटीदार ने बताया की नवाघरा धम्बोला निवासी 25 वर्षीय राजेन्द्र उर्फ़ राजू पिता शम्भूलाल रोत मजदूरी का काम करता है। बीती रात करीब 9 बजे के आसपास राजेन्द्र अपनी बाइक पर किसी काम से अपने घर से सीमलवाडा की ओर जा रहा था। इस दौरान धम्बोला-सीमलवाडा मार्ग पर सीमलवाडा एसडीएम ऑफिस के पास सडक किनारे खड़े पानी के टेंकर से राजेन्द्र की बाइक टकरा गई। हादसे के बाद बाइक सवार राजेन्द्र गंभीर घायल हो गया। वही हादसे के बाद मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। वही लोगो की सुचना पर धम्बोला थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने तुरंत निजी वाहन से गंभीर घायल राजेन्द्र को सीमलवाडा अस्पताल पहुँचाया जहा पर डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव को रात को सीमलवाडा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। वही शनिवार सुबह पुलिस व परिजन सीमलवाडा अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे लेकिन टैंकर मालिक को बुलाने अड़े रहे।वही धम्बोला थाना पुलिस परिजनों से समझाइश के बाद मृतक के पिता शंभुलाल ने टैंकर मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया। जिसके बाद शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंपा है। इधर राजेन्द्र की शादी करीब चार साल पहले हुई थी और उसके 2 साल का एक बेटा है। इधर राजेन्द्र की मौत के बाद 2 साल के बच्चे के सिर से पिता का साया उठ गया है। इस मौके पर पूर्व प्रधान नानूराम परमार, सीमलवाड़ा सरपंच विजयपाल डोडियार, जयंती लाल समेत मौजूद रहे।

## राजस्थान में कोरोना से 19 की मौत

**जयपुर।** राजस्थान में कोरोना के केस में कमी आती जा रही है। राज्य में पिछले 24 घंटे में 5602 केस मिले हैं, जबकि 19 मरीजों की मौत हुई है। वहीं राज्य में 9 हजार 309 मरीज रिकवर हुए हैं, जिसके बाद एक्टिव केस की संख्या कम होकर 51,143 पर पहुंच गई। राज्य में आज पॉजीटिविटी रेट 12 फीसदी से कम रही। चिंता की बात ये है कि जोधपुर के एक सरकारी स्कूल में 24 बच्चे संक्रमित मिले हैं। जोधपुर के लूणी तहसील के बोरानाड़ा क्षेत्र की एक सरकारी स्कूल के 24 बच्चे एक साथ संक्रमित मिले हैं। एक ही स्कूल के इतनी बड़ी संख्या में बच्चों के संक्रमित होने के बाद हड़कंप मच गया। अब एहतियात के तौर पर स्कूल के पूरे स्टॉफ व बच्चों के सैंपल लिए जा रहे हैं। मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट के मुताबिक सबसे ज्यादा 916 केस जयपुर में मिले, वहीं 6 मरीजों की मौत हुई। जयपुर में आज पॉजीटिविटी रेट 10 फीसदी से कम रही। जयपुर के अलावा आज जोधपुर में 615, अलवर 465, उदयपुर 341, गंगानगर 311, भीलवाड़ा 257 और अजमेर में 203 केस मिले है।

## कानून व्यवस्था, अपराधों पर अंकुश व सीसीटीवी केमरे लगाने को लेकर चर्चा

### एसपी सुधीर जोशी ने चौरासी थाने में ली सीएलजी की बैठक

**सीमलवाड़ा।** डूंगरपुर जिले के पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने आज चौरासी थाने में सीएलजी सदस्य, पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक दल व व्यापारियों की बैठक ली। बैठक में एसपी जोशी ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराधो पर अंकुश लगाने व सीसीटीवी केमरे लगाने को लेकर चर्चा की गई। डूंगरपुर जिले के पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी आज झोथरी क्षेत्र के दौरे पर रहे। अपने दौरे के दौरान एसपी सुधीर जोशी चौरासी थाने पर पहुंचे जहा एसपी सुधीर जोशी ने सीएलजी की बैठक ली। बैठक में सीमलवाडा पुलिस उपाधीक्षक रामेश्वर लाल, चौरासी थानाधिकारी भेमजी गरासिया, सभी सीएलजी सदस्य, पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक दलों के सदस्य व स्थानीय व्यापारी मौजूद रहे। बैठक में एसपी सुधीर जोशी ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराधो पर अंकुश लगाने व सीसीटीवी केमरे लगाने को लेकर चर्चा की। बैठक में एसपी ने अपराधो पर अंकुश



लगाने के लिए कस्बे में सीसीटीवी केमरे लगाने की बात कही और इसके लिए व्यापारियों से सहयोग माँगा। वही बैठक में एसपी ने कहा की क्षेत्र में युवाओं द्वार आत्महत्या करने की घटनाएं बढ़ रही है जो की एक चिंता का विषय है। ऐसे में उन्होंने कहा की बच्चे पढ़े,आगे बढ़े और सही मार्ग पर चले ये हम सब की जिम्मेदारी है। वही बैठक में एसपी सुधीर जोशी ने जिले में बढ़ते सडक हादसों को लेकर भी चर्चा की उन्होंने कहा की जिले में बाइक हादसों में युवा काल के ग्रास बन रहे है और इसके पीछे हेलमेट नहीं लगाना, शराब पीकर वाहन चलाना और यातायात नियमो का पालना नहीं करना बड़ा कारण है। ऐसे में एसपी जोशी ने लोगो से हेलमेट लगाकर दुपहिया वाहन चलाने ,शराब पीकर वाहन नहीं चलाने के आव्हान किया। इधर बैठक में सदस्यों ने एसपी से रात्रि गश्त बढ़ाने, थाने में नफरी बढ़ाने, पावर बाइक चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने समेत मांगे रखी। जिस पर एसपी जोशी ने जल्द ही उनकी मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रधान अनीता रोत, पूर्व प्रधान मंजुला रोत, गोविंद अहारी, भंवर लाल कटारा, लक्ष्मण लाल रोत समेत मौजूद रहे। थानाधिकारी भैमजी गरासिया ने आभार जताया।

## रिश्तेदारों ने खोली रीट में चीट की पोल

**जयपुर।** REET पेपर लीक मामले में सामने आया है कि एग्जाम से पहले ही फूफा भजनलाल से पेपर लेने के बाद सोहनी देवी की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसने खुद ही रिश्तेदारों में इधर-उधर यह राज खोल दिया। फिर इन्हीं रिश्तेदारों में से किसी ने उसकी शिकायत कर दी। उधर, बाड़मेर और जालोर को रीट पेपर लीक का बड़ा सेंटर माना जा रहा है। एडीजी अशोक राठौड़ खुद जांच के लिए बाड़मेर पहुंच चुके हैं। एसओजी ने आरोपियों से अब तक एक करोड़ तीन लाख 80 हजार रुपए बरामद कर लिए है। एसओजी एडीजी अशोक राठौड़ शनिवार सुबह बाड़मेर में पहुंचे। इसके बाद वह जांच के लिए जालौर जाएंगे। माना जा रहा है कि जल्द ही बाड़मेर और जालोर से 100 से अधिक लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है।

## टेंपो पलटने से एक की मौत, पांच घायल

**सीमलवाड़ा।** शनिवार सुबह सीमलवाड़ा - गंधवा मार्ग पर साकरसी यादव बस्ती के निकट क्षमता से अधिक सवारियां लेकर जा रहे ऑटो के पलटने से एक की मौत हो गई। वही पांच जने घायल हुए । ऑटो पलटने की जानकारी मिलने पर चौरासी थाना पुलिस से एएसआई बालकृष्ण पाटीदार मय जाब्ता व 108 के पायलट तेज बहादुर, ईएमटी विजेश भोई द्वारा घटनास्थल पर पहुंच कर सभी घायलों को सीएससी सीमलवाड़ा लाया गया। जहां पर अत्यंत गंभीर रूप से घायल विश्राम पुत्र वाला रंगोत निवासी गंधवा उम्र 55 साल की इलाज के दौरान मौत हो गई। वही जयंती पुत्र शंकर यादव नई बस्ती गंधवा, शांतिलाल दौलतराम निवासी गन्धवा,दिता पुत्र वजा ननोमा, अशोक पुत्र नवला एवं लक्ष्मीदेवी घायल हुए जिनका इलाज जारी है। टेंपो पलटने पर ऑटो चालक ऑटो छोड़कर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार उक्त ऑटो में क्षमता से अधिक सवारियां भर जाने के कारण असंतुलित होकर पलटी खा गया। वहीं ऑटो के फिटनेस कागजात आदि की जानकारी पुलिस जुटा रही है।

## बसंत पंचमी पर विद्यारंभ संस्कार यज्ञ की आहुतियों व मंत्रोचार के साथ संपन्न हुआ



**भीलूड़ा।** विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय भीलूड़ा में बसंत पंचमी उत्सव एवं विद्यारंभ संस्कार यज्ञ की आहुतियों एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। चिराग मेहता के आचार्यत्व में संपन्न हुए यज्ञ के मुख्य यजमान रमण लाल पंचाल, गीता देवी पंचाल, रमेश भाटिया, शैलेश दर्जी, मंजू यादव मुख्य यजमान रहे। यज्ञ में विद्यालय के आचार्य दीदी सीमा जोशी, करुणा जोशी, लता भट्ट, श्रीमती संध्या पंड्या, मोनिका सुथार, शिव शंकर बलाई, दीक्षांत सुथार, कल्पना व्यास के साथ-साथ विद्यालय के भैया बहनों ने अपनी आहुतियां देते हुए राष्ट्र के कल्याण की कामना की। विद्यारंभ संस्कार में 40 नव प्रवेशी भैया बहनों का विद्यारंभ संस्कार पोथी पूजन करवाते हुए एवं स्लेट पर ओम अंकित करवाते हुए किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश व्यास ने अतिथियों का परिचय करवाते हुए कहा कि विद्यारंभ संस्कार के लिए बसंत पंचमी का दिन सर्वश्रेष्ठ होता है। प्राचीन काल में विद्यारंभ संस्कार गुरुकुल में किसी दिन करवाया जाता था इसका परिणाम श्रेष्ठ व्यक्तित्व और कृतित्व वाले महामानव का निर्माण होता था। संचालन सीमा जोशी ने किया आभार लता भट्ट ने माना।

## शिक्षा के क्षेत्र में उच्चतम पायदान पर पहुंचे राजस्थान : मुख्यमंत्री

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि शिक्षा किसी भी देश की तरक्की का मुख्य आधार है। राज्य सरकार ने प्रदेश में शिक्षा का बेहतरीन माहौल तैयार कर भावी पीढ़ी को अच्छे अवसर उपलब्ध कराने के लिए विगत तीन वर्षों में एक से बढ़कर एक निर्णय लिए हैं और नवाचार किए हैं। बजट पूर्व संवाद के माध्यम से हमारा प्रयास है कि विशेषज्ञों से सुझाव लेकर शिक्षा के क्षेत्र में राजस्थान को उच्चतम पायदान पर ले जाएं और शिक्षा से सम्बन्धित समस्याओं का समुचित हल निकले। गहलोत शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से वीसी के माध्यम से शिक्षा क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है और इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। बैठक में आए सुझावों का परीक्षण कर आगामी बजट में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम हो सके। गहलोत ने कहा कि




गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को भी अंग्रेजी माध्यम में गुणवतापूर्ण शिक्षा मिल सके, उनका आत्मविश्वास बढ़े और वे प्रतिस्पर्धा में किसी से पीछे नहीं रहें, इस सोच के साथ हमने अंग्रेजी माध्यम के महात्मा गांधी विद्यालय संचालित करने की महत्वपूर्ण पहल की है।

इसके प्रति लोगों में विशेष उत्साह है। हम इन विद्यालयों का दायरा लगातार बढ़ा रहे हैं, ताकि अधिकाधिक बच्चों को इनका लाभ मिल सके। आने वाले समय में इस पहल का व्यापक सकारात्मक असर देखने को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से उत्कृष्ट मानव संसाधन तैयार किया जा सकता है, जो देश के विकास में अहम भागीदारी निभाता है। उन्होंने कहा कि दूसरे विश्व युद्ध में तबाह हो गए कई देशों ने बाद में शिक्षा पर विशेष जोर दिया और आज वे विकसित राष्ट्र बन गए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान भौगोलिक दृष्टि से विषम परिस्थितियों वाला प्रदेश है, यहां सुविधाएं पहुंचाने में अधिक लागत आती है, लेकिन तमाम चुनौतियों के बावजूद राज्य में शिक्षा के विविध क्षेत्रों में तेजी से प्रगति हो रही है।

## नगरपरिषद ने कॉलेज के बाहर सड़क किनारे लगी गुमटियों को हटाने की कार्रवाई की


### एसबीपी कॉलेज के बाहर सड़क हादसे में बाइक सवार की दर्दनाक मौत के बाद नगरपरिषद प्रशासन की नींद उडी

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर शहर में एसबीपी कॉलेज के बाहर सड़क हादसे में बाइक सवार की दर्दनाक मौत के बाद नगरपरिषद प्रशासन की नींद उडी है। भविष्य में सड़क हादसा न हो इसे रोकने के लिए नगरपरिषद ने कॉलेज के बाहर सड़क किनारे लगी गुमटियों द्वारा किये गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई को अंजाम दिया। वही इस दौरान अतिक्रमण हटाने में खुद गुमटी संचालको ने भी सहयोग किया। मामले के अनुसार तहसील चौराहे से नया बस स्टैंड के बीच एसबीपी कॉलेज के बाहर गुमटियों के बाहर किये गए अतिक्रमण व चल रहे काम के चलते 3 फ़रवरी सुबह शहर में हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई थी। वही हादसे में युवक की दर्दनाक मौत के बाद अब डूंगरपुर नगरपरिषद की नींद टूटी है। जिसके तहत नगरपरिषद की टीम ने आज कॉलेज के बाहर सडक किनारे लगे गुमटियों द्वारा किये गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई।

डूंगरपुर नगरपरिषद सभापति अमृत कलासुआ के निर्देश पर नगरपरिषद की अतिक्रमण हटाओ दस्ते की टीम सुबह एसबीपी कॉलेज के बाहर पहुंची। इस दौरान नगरपरिषद की टीम ने गुमटीयो के बाहर किये गए अवैध अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई शुरू की। जिसमे गुमटियों के बाहर सड़क फुटपाथ के हिस्से में बांस, टेबल लगाकर किये गए अतिक्रमण को हटाया गया। वही कार्रवाई के दौरान नगरपरिषद की अतिक्रमण हटाओ दस्ते की टीम का खुद गुमटियों के संचालको ने भी मदद की और खुद संचालको ने भी अवैध अतिक्रमण को हटाया। इधर अतिक्रमण हटने के बाद अब सड़क खुली-खुली दिखाई दे रही है। इधर नगरपरिषद की टीम ने गुमटियों के बाहर अतिक्रमण करने वाले संचालको को भविष्य में दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की हिदायत दी है। वही दोबारा अतिक्रमण करने पर सामान जब्त करने व जुर्माना लगाने की चेतावनी भी दी है।

## सप्तरंगी ध्वज फहराकर वागड़ में बसोन्तसव पर्व का आगाज

**डूंगरपुर।** बसंत पंचमी पर वागड़ अंचल में पीठाधीश्वर गोस्वामी महंत अच्युतानंद महाराज ने संत मावजी की जन्मस्थली साबला कस्बे में माव संप्रदाय के विश्वपीठ हरिमंदिर पर सप्तरंगा ध्वज फहराकर बसनोत्सव पर्व का आगाज किया। सुबह शुभ मुहूर्त में महंत अच्युतानंद महाराज ने भगवान निष्कलंक सहित मां शारदे की पूजा-अर्चना की। इस दरम्यान संत मावजी के परम् भक्त साद समाज के लोगों ने वासन्ती उल्लास के इस महापर्व पर भजन-कीर्तन कर माहौल भक्ति मय बना दिया। वही पीठाधीश्वर ने परम्परानुसार सप्तरंगा ध्वज पर आम्र पल्लव व मंजरी चढाकर आरती उतारी। बाद में माव महल के शिखर पर सप्तरंगा ध्वज को फहराकर वागड़ अंचल में बसोन्तसव पर्व का आगाज किया। पर्व पर पताशे और गुड का श्रद्धाओं का प्रसाद करवाया गया। वही सदियों पुरानी चल रही प्रथानुसार पीठाधीश्वर ने सुकुन



के रूप में संत मावजी की वाणियों का गायन करने वाले साद भक्तों सहित मंदिर में हर रूप से सेवा करने वाले भक्तों को इक्कसी हजार रूपए और श्रीफल भेट किया। वही महंत ने देश वासियों में सप्तरंगा ध्वज की तरह हर पल उमंग उल्लास में बने रहने और समाज में शिक्षा के बढावे के साथ समरसता का पैगाम दिया। साथ ही महंत श्री ने आगामी बेणेश्वर में स्थगित होने पर सिर्फ धार्मिक परम्परा के निर्वहन में भक्तों को कोविड 19 के नियमो की पालना करने का संदेश भी दिया।

## फुलवारी वाटिका में सात दिन ओर चलेगा योग शिविर

**सागवाड़ा।** दिल्ली के प्रसिद्ध योग गुरु मनमोहन योगी ओर उनकी सहयोगी लक्ष्मी सिहं रोजाना फुलवारी वाटिका में योग, प्राणायाम, आसन, व्यायाम करवाये जा रहे हैं । योग से किस प्रकार हम अपनी दिनचर्या और खानपान को नियमित कर शुगर, बीपी, थायराइड, कमरदर्द, घुटनेका दर्द, डिप्रेशन, माइग्रेन, अस्थमा, एलर्जी, वजन कम करना ओर बढाना का काम कर सकते है। इसकी जानकारी दी जा



रही है। शिविर में भारत विकास परिषद, महावीर इंटरनेशनल, पतंजली योगपीठ के सदस्यों ने भी योग किया। शिविर में महावीर इंटरनेशनल वामा वीरा केंद्र, भारत विकास परिषद और महिला पतंजली योग समिति द्वारा योग गुरु मनमोहन योगी और लक्ष्मी सिहं का स्वागत ओर अभिनंदन किया गया। वामा चेयरपर्सन वीरा तिलकनंदिनी शाह, डेपूटी डायरेक्टर वीर प्रेरणा शाह, वीरा स्नेहलता गांधी, वीरा काजल गोवाडिया, वीरा दीपिका शाह, वीरा सरोज गोवाडिया, डा.निर्मला पटेल, ओंसी शाह, भारत विकास परिषद और पतंजली योगपीठ से प्रभुलाल वाडेल, अनिल वाडेल, जयंतिलाल, डा.नरेश पटेल, नगीनलाल जैन, सुनील गोवाडिया, प्राशु शाह, नितुल जैन, प्रियंक गोवाडिया और मान्य शाह ने अभिनंदन किया।